PUBLIC का सवाल ?

जवाब दो!!! सरकार

www.jawabdosarkar.com

देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

सवाल न.01

जिम्मेदार विभाग

नगर निगम ,जयपुर

एल.बी.एस. कॉलेज,राजा पार्क के तिराहे पर कचरे का ढेर भी है और 10-12 आवारा पशु भी

नगर निगम या नरक निगम

यह तस्वीर आने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में आने के नगर निगम जयपुर के दावों की पोल खोलती है|जबकि यह हाल जयपुर शहर की पोश कोलोनी राजा पार्क में स्थित एल.बी.एस. कॉलेज तिराहे की है|इस तिराहे पर कचरे के ढेर और आवारा पशुओं के यह हालात आज के नहीं वरन रोज के है, ऐसा नही है कि इसकी शिकायत नही की गयी हो|जब भी जिम्मेदारों से फोन पर बात की जाती है तो जिम्मेदार साहब विभिन्न बहाने बनाते हुए फरमाते है कि हमारे पास पशु पकड़ने के साधन सिमित है या अभी तो माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार शहर में पशु पकड रहे है या फिर अपनी जिम्मेदारी दुसरे अधिकारी या कर्मचारी पर टालते हुए फोन काट देते है जैसे कि स्वच्छता सर्वेक्षण की सभी जिम्मेदारी इन्ही के जिम्मेदार कंधो पर हो|

पता:-S1,झारखंड अपार्टमेंट,सगत सिंह मोड,जनरल सगत सिंह मार्ग,वैशालीनगर,302012 मोबाइल:-9828346151

स्वच्छता सर्वे • जागरूकता नहीं...तो अब दंड भरने को रहें तैयार

कचरा मिला तो 100 से एक लाख रु. तक जुर्माना, हर वार्ड में रोज पांच चालान काटने का टारगेट मिला है...

ओमप्रकाश शर्मा | जयपुर

स्वच्छता सर्वेक्षण में जयपुर शहर की रैंकिंग सुधारने के लिए नगर निगम के अफसरों ने सफाई निरीक्षको को टारगेट बना लिया है। इसके लिए सफाई निरीक्षकों को शहर में कचरा फैलाने वालों के खिलाफ चालान करने का टारगेट दिया है। टारगेट पूरा नहीं करने वाले सफाई निरीक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर ली। प्रत्येक सफाई निरीक्षक को अपनी वार्ड में रोजाना न्यूनतम 5 जनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई करनी पड़ेगी।

पिछले सप्ताह नगर निगम के सफाई निरीक्षकों ने शहर में 1184 जनों के खिलाफ शहर में कचरा फैलाने पर कार्रवाई की है। रैंकिंग सुधारने के लिए दस गुना ज्यादा कार्रवाई बढ़ा दी है। खास बात यह है कि चालान से राजस्व को 7.47 लाख रुपए का फायदा हुआ है। दरअसल इस साल जयपुर शहर की रैंकिंग स्वच्छता सर्वेक्षण में 39 से पिछड़कर 44 पर पहुंच गई थी। ऐसे में रैंकिंग में सुधार करने के लिए नगर निगम के अफसरों ने यह कदम उठाया है। ताकि शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार हो सके। अब जिन लोगों ने घरों और अपने प्रतिष्ठानों के बाहर कचरा फैला रखा है। उनकी शिकायत मिलने पर सफाई निरीक्षक मौके पर पहुंच कर चालान की कार्रवाई करेंगे। इससे लोगों पर सफाई का दबाव बनेगा।

सफाई के सिपाही बनें... हमें जुर्माने का शर्मनाक रिकॉर्ड कतई नहीं बनाना है

घर के बाहर कूड़ा	100 रुपए
खोमचे पर कचरा	100
दुकान के बाहर कचरा	500
छोटे रेस्टोरेंट पर कूड़ा	2000
ढाबे के बाहर गंदगी	5000
होटल के बाहर कचरा	20000
इंडस्ट्रीज, फैक्ट्रियां और बड़े कॉम्प्लेक्स	100000

पिछले सप्ताह 1184 चालान से करीब साढ़े सात लाख रु. जुर्माना वसूला गया

चालान	राशि (रु. में)		
129	69900	246	191700
363	223200	166	89800
		280	173000

जिम्मेदार बोले- टारगेट इसलिए दिए हैं ताकि लोग शहर को कूड़ेदान न बनाएं

शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सफाई निरीक्षकों को टारगेट दिए हैं। ताकि चालान की कार्रवाई होने से शहर में लोग गंदगी नहीं फैलाएं। इससे रैंकिंग में भी सुधार होगा।
– **हर्षित वर्मा,** उपायुक्त स्वास्थ्य द्वितीय, निगम मुख्यालय

ये भी जानिए... अगर ज्यादा विरोध किया तो एफआईआर भी दर्ज हो सकती है

नगर निगम के आदेशों के बाद सफाई निरीक्षकों ने कार्रवाई भी शुरू कर दी है। हवामहल जोन ईस्ट और वेस्ट, आमेर जोन, विद्याधर नगर जोन, सिविल लाइन जोन, मोतीडूंगरी जोन, मानसरोवर जोन और सांगानेर जोन में चालान काटे जा चुके हैं। अब सभी वार्ड में सफाईकर्मी कचरा फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। कुछ जगह चालान के दौरान सफाई निरीक्षकों को लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। ऐसे में सफाई निरीक्षकों ने विरोध करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस में मुकदमा भी दर्ज कराया है। ऐसे में बेहतर है कि आसपास सफाई का खास ख्याल रखें।

जवाब मांगते सवाल?

- क्या नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद भी राजा पार्क स्थित एल.बी.एस. तिराहे, पर कचरे और आवारा पशुओं की समस्या जस की तस रहेगी या जिम्मेदार अधिकारी संवेदनशील सरकार के प्रतिनिधि होने के नाते कोई सकारात्मक कदम भी उठाएंगे?
- आखिर इन समस्याओं को हल करने में कितना समय लगेगा?
- क्या नियमित रूप से कचरा नही उठाने वाली फर्म पर कार्यवाही की जायेगी?
- क्या आवारा पशुओं को नहीं उठाने वाली फर्म पर कोई कार्यवाही की जायेगी?
- क्या निगम के आला अधिकारी इन समस्याओं के जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही करेंगे?

क्रमांक	जिम्मेदार अधिकारी/फर्म	नाम
1.	उपायुक्त स्वास्थ्य प्रथम	श्री देवेन्द्र कुमार जैन
2.	उपायुक्त स्वास्थ्य द्वितीय	श्री हर्षित वर्मा
3.	उपायुक्त पशु प्रबंधन /स्लाटर हाउस	श्री राम किशोर मीणा
4.	आवारा पशु पकड़ने वाली फर्म	नामालूम
5.	कचरा उठाने वाली फर्म	नामालूम

इस समस्या पर ध्यान आकर्षित करने के लिए शहर के जागरूक नागरिक

श्री योगेन्द्र कुमार जोशी

एडवोकेट एवं रिटायर्ड आर.पी.एस.

का धन्यवाद एवं आभार

पता:-S1,झारखंड अपार्टमेंट,सगत सिंह मोड,जनरल सगत सिंह मार्ग,वैशालीनगर,302012 मोबाइल:-9828346151